



# कांग्रेस के किसान जनसंवाद में गेहूं खरीदी की पीड़ा झलकी

**सरकारी गेहूं खरीदी में समस्या, भुगतान में देरी व मंडी में पानी, शौचालय, अवैध वसूली को लेकर मुखर हुए किसान**



**नीमच।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नई कृषि उपज मंडी में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर विशेष किसान जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती सहित कांग्रेस नेताओं ने सीधे किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और मंडी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों ने गेहूं खरीदी में हो रही अव्यवस्थाओं, भुगतान में देरी और मंडी परिसर की खराब व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

संवाद के दौरान किसानों ने सरकारी गेहूं खरीद की हकीकत बताते हुए कहा कि सरकारी खरीदी केंद्रों पर स्लॉट बुक नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में अपनी उपज मंडी में लानी पड़ रही है। स्लॉट बुकिंग के समय कर्मचारियों द्वारा अधिकतर सर्वर डाउन होने का बहाना बताया जाता है। उन्होंने बताया की सरकारी तौल केंद्र पर ट्रालियों को तौल के लिए चार से पांच दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें ट्रैक्टर और ट्राली का अतिरिक्त किराया देना पड़ता है, जिससे खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और लाभ कम होता जा रहा है। इसी कारण से वह गेहूं को कम भाव में मंडी में बेचने को मजबूर है। किसानों ने सरकार के गेहूं तौलने में कोई परेशानी नहीं हो रही इस दावे को ख़ारिज करते हुए गेहूं समर्थन मूल्य भी बढ़ाने की मांग की है।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया, संयोजक मोहन सिंह जाट, नरेंद्र सिंह राणावत, बलवंत पाटीदार, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिसोदिया, जीतू बना, विनोद सिंह भंवरसा, जिला युवा अध्यक्ष मन्नू बना बांगरेड, लक्ष्मी नारायण नागदा, बाबूलाल नागदा, राजू गुर्जर बरखेड़ा, यश लोहार, कृपाल सिंह मंडलोई, मनीषसिंह लॉन्च, राकेश मेरावत, विनोद पाटीदार, माधौलाल मेघवाल, मदनलाल जाटव, रामेश्वर गुर्जर, वीपी सिंह, कन्हैयालाल सुथार, बाबूलाल अहीर, कन्हैयालाल पेंटर, गोपाल नागदा सहित बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गोमाबाई नेत्रालय में नि :शुल्क नेत्र प्रत्यारोपण से लौटी वृद्ध की रोशनी

**कई अस्पतालों में लंबे उपचार के बाद भी नहीं हुआ कोई फायदा, अब देख सकेंगे दोबारा दुनिया**



**नीमच।** राजस्थान के कोटा जिले के ग्राम राजपुर खुर्द निवासी 68 वर्षीय दुर्गालाल पिता पन्नालाल की संक्रमण एवं रासायनिक प्रभाव से क्षतिग्रस्त हुई आंख का गोमाबाई नेत्रालय, नीमच में नि:शुल्क सफल नेत्र प्रत्यारोपण किया गया। ऑपरेशन के बाद उन्हें पुनः दृष्टि प्राप्त हुई और अब वे अपने दैनिक कार्य स्वयं करने लगे हैं।

नेत्रालय प्रबंधन के अनुसार, कुछ समय पूर्व आंख में घातक रसायन चले जाने से उनकी आंख की रोशनी पूरी तरह चली गई थी। इससे वे दैनिक कार्यों के लिए परिवारजनों पर निर्भर हो गए थे। विभिन्न स्थानों पर उपचार के बाद भी लाभ नहीं मिलने पर परिवारजन उन्हें गोमाबाई नेत्रालय लेकर पहुंचे। यहां विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों ने सूक्ष्म परीक्षण कर परिवार की सहमति से नेत्रदान स्वरूप प्राप्त कॉर्निया का सफल प्रत्यारोपण किया। सफल ऑपरेशन के बाद दुर्गालाल की नेत्र ज्योति बहाल हो गई है। अब वे पूरी तरह सामान्य एवं प्रसन्न हैं। परिवारजनों ने गोमाबाई नेत्रालय की नि:शुल्क नेत्र प्रत्यारोपण सेवा और चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक नजर में

### विश्व थैलेसीमिया दिवस पर इनर व्हील डायमंड क्लब ने किए सेवा कार्य



**नीमच।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा जिला चिकित्सालय स्थित थैलेसीमिया वार्ड में सेवा गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान क्लब द्वारा वार्ड हेतु 2 आई.पी. स्टैंड भेंट किए गए तथा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के मनोरंजन एवं मानसिक उत्साह हेतु वार्ड को विशेष खिलौने भेंट किए गए। इस अवसर पर डॉक्टर संगीता भारती, डॉक्टर प्रशांत राठौर, डॉ पियूष गर्ग एवं अध्यक्ष थैलेसिमिया सोसायटी सत्येंद्रसिंह राठौर एवं अनिल जोशी, जुजर बाल्टी वाला, दीपेश शर्मा उपस्थित रहे। क्लब की ओर से अध्यक्ष पूजा गर्ग, सचिव पायल गुर्जर, एडिटर शिवांगी जैन सहित क्लब सदस्याऐ उपस्थित रही। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने एवं उन्हें सहयोग प्रदान करने हेतु ऐसे सेवा कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं उनके परिजनों ने क्लब के इस प्रयास की सराहना की।

### नीमच में रेडक्रॉस सप्ताह का हुआ समापन

**नीमच।** कलेक्टर एवं रेडक्रास अध्यक्ष हिमांशु चंन्द्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के निर्देशन में रेडकास सप्ताह 2 से 08 मई 2026 तक विश्व रेडक्रास दिवस की थीम मानवता में एकजुटता पर मनाया गया। इसी कड़ी में रेडकास के जनक सर हेनरी ड्यूनॉट के जन्म दिवस के अवसर पर रेडक्रास सचिव डॉ.स्वप्निल वधवा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में विश्व रेडकास दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव श्री वधवा ने सर हेनरी ड्यूनॉट के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। रेडकास सप्ताह के समापन अवसर पर शहर के स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय परिसर में रेडकास सचिव डॉ. स्वप्निल वधवा ने पीड़ित मानवता की सहायतार्थ विद्यार्थियों को नि :शुल्क सीपीआर प्रशिक्षण और विद्यार्थियों को समझाया, कि इस प्रशिक्षण द्वारा आप किसी भी आकस्मिक जरूरत पढ़ने पर बेहोश व्यक्ति को सीपीआर देकर अस्पताल पहुंचाकर, उसकी जान बचा सकते है। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के मेंटल हेल्थ डिस्ट्रीक्ट कोर्डिनेटर प्रो. डॉ.संजय जोशी, प्रो.असरार अंसारी, प्रो. संजीव थोरेचा प्रो. आशुतोष शर्मा रेडकास समन्यक श्री सुनिल तिवारी, श्री प्रकाश सैनी हरीश नागदा एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।

### आजीविका मिशन से सशक्त होती महिलाएं



**नीमच।** म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से जावद विकासखण्ड के ग्राम ढाबा में महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम हो रही है। मिशन के सहयोग से महिलाओं ने स्वरोजगार अपनाकर अपनी एवं परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय प्रगति की है। मिशन के माध्यम से श्रीमती अंजू जाटव ने म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से ब्यूटी पार्लर एवं जनरल स्टोर का व्यापार कर अपनी स्वयं की एवं परिवार की आर्थिक स्थिति में बहुत प्रगति की है। आज श्रीमती अंजू जाटव एवं उनका परिवार खुशी-खुशी अपना जीवन व्यापन कर रहा है। ग्राम में संगठनात्मक पहल से हुआ सुविधाओं का विस्तार :- म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका के प्रयासों से महिला स्वयं सहायता समूह के गठन, सशक्तिकरण एवं बैंक तथा मिशन से प्राप्त धनराशि की उपलब्धता से जहां समूह सदस्यों एवं परिवारजनों हेतु रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं, वहीं ग्राम विकास हेतु शासन एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रयास तेज हो रहे हैं। ग्राम ढाबा में वर्ष 2019 से समूह गठन की मुहिम के बाद आज 10 महिला स्वयं सहायता समूह गठित हैं। इन समूहों को यूको बैंक सरवानिया महाराज एवं एचडीएफसी बैंक नीमच के माध्यम से 55 लाख रुपये से अधिक के ऋण दिलवाए जा चुके हैं। वर्तमान में लगभग 125 परिवार समूह से जुड़ चुके हैं। ग्रामीण आजीविका मिशन को इसका श्रेय जाता है कि अब ग्राम में विकास की बयार बह रही है तथा पंचायतीराज संस्थाओं को भी मजबूती मिल रही है।

### जिला-तहसील कोर्टों में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**नीमच।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत के निर्देशन में शनिवार 9 मई 2026 को जिला न्यायालय नीमच तथा तहसील न्यायालय मनासा एवं जावद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। खंडपीठों का गठन : जिला विधिक सहायता अधिकारी नीमच श्री प्रवीण कुमार ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जिला मुख्यालय नीमच में 12 खंडपीठ, तहसील न्यायालय मनासा हेतु 05 खंडपीठ तथा तहसील न्यायालय जावद हेतु 04 खंडपीठों का गठन किया गया है। निराकरण हेतु रखे गए प्रकरण : इन खंडपीठों में शमनीय आपराधिक प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट के चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, ट्रैफिक चालान, श्रम दावा प्रकरण, भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले, राजस्व प्रकरण, विद्युत बिल संबंधी प्रकरण, जलकर संबंधी प्रकरण, बीएसएनएल के टेलीफोन बिल संबंधी प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण (तलाक को छोड़कर), उपभोक्ता मामले एवं अन्य सिविल वाद आपसी समझौते एवं राजीनामे के माध्यम से निराकृत किए जाएंगे। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित कुल 854 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए हैं। खंडपीठों में पीठासीन अधिकारीगण तथा खंडपीठ सदस्यगण द्वारा पक्षकारों को आपसी समझाइश एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रयास किए जाएंगे। प्रधान जिला न्यायाधीश की अपील : माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत ने समस्त आमजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत में प्राप्त होने वाली छूट एवं सुविधाओं का लाभ उठाएं।

## वरिष्ठता के आधार पर दें बोनस अंक, ज्ञापन



**सिंगोली।** आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेशभर के वर्षों से कार्यरत अतिथि शिक्षकों के हित में एक महत्वपूर्ण मांग उठाते हुए लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के नाम नायब तहसीलदार बालकृष्ण मकवाना को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि नवीन पंजीयन प्रक्रिया में पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षकों के अनुभव एवं वरिष्ठता को प्राथमिकता देते हुए बोनस के 10 अंक स्कोर कार्ड में जोड़कर सत्र 2026-27 हेतु जारी किए जाएं। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के हजारों अतिथि शिक्षक पिछले 18 वर्षों से निष्ठा, लगन और ईमानदारी से शिक्षा सेवा दे रहे हैं। ऐसे में यदि पुन: नवीन पंजीयन प्रक्रिया में पुराने अनुभवी शिक्षकों को उचित महत्व नहीं दिया गया तो उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा। इससे उनके परिवारों का भरण-पोषण प्रभावित होगा और मानसिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पहले से पंजीकृत और अनुभव प्राप्त अतिथि शिक्षकों को नई प्रक्रिया में वरीयता दी जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था में अनुभवी शिक्षकों का योगदान बना रहे। संघ ने शासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे और अपने हस्ताक्षर कर मांग का समर्थन किया। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि अतिथि शिक्षकों की मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। अतिथि संघ के अध्यक्ष राधे श्याम धाकड़, सत्यनारायण राठौर, रितेश, संयम जैन, अभिषेक, सोनू मेव, नंदकिशोर, सिद्धार्थ जैन, उदय लाल, टीना सेन, कल्पना, शारदा पालीवाल, डिंपल विश्नोई सहित अन्य अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

## भादवा माता के दर्शन कर नए एसपी ने संभाला पद

**अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी बोले- तस्करों और भू-माफियाओं के खिलाफ लगातार चलेगा अभियान**



**नीमच।** जिले के नवागत एसपी राजेश व्यास ने शुक्रवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने से पहले उन्होंने प्रसिद्ध भादवा माता मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था को लेकर अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं।

**तस्करों और भू-माफियाओं के खिलाफ चलेगा अभियान**-एसपी व्यास ने पदभार ग्रहण करते ही मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि अफीम बेल्ट होने के कारण नशे के विरुद्ध मुख्यमंत्री के अभियान को गति दी जाएगी और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**अनुशासन और जनसेवा प्राथमिकता**-अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक के बाद एसपी ने पुलिस बल को अनुशासित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय दिलाना और शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा।

नवागत एसपी ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिले में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गैर-कानूनी कार्यों में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस बल पूरी क्षमता के साथ सख्त वैधानिक कदम उठाएगा।

**तबादले के पांच दिन बाद कार्यभार ग्रहण किया**-पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी 62 आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची में नीमच एसपी अंकित जायसवाल का स्थानांतरण किया गया था। उनके स्थान पर नियुक्त हुए राजेश व्यास ने सूची जारी होने के पांचवें दिन जिले की कमान संभाली है।

## संस्कार परिवार को संगठित रखने का सशक्त माध्यम : वैराग्य सागर महाराज

**दिगंबर जैन समाज द्वारा नव निर्मित संत भवन का लोकार्पण समारोह 13 को**




**नीमच।** पश्चिमी संस्कृति का पालन परिवार के विनाश का मार्ग है। रात में देर से सोना और सुबह देर से उठना शरीर में बीमारियों को आमंत्रण देने का प्रमुख कारण है। इसलिए हमें यदि आत्म कल्याण करना है तो स्वस्थ शरीर के लिए धर्म संस्कृति के संस्कारों का पालन करना होगा। धर्म संस्कारों के पालन के बिना आत्म कल्याण का मार्ग नहीं मिल सकता। धर्म संस्कृति के संस्कार परिवार की एकता के लिए सशक्त माध्यम है। यह बात वैराग्य सागर महाराज ने कहीं।

संतश्री दिगंबर जैन समाज नीमच द्वारा पुस्तक बाजार में नवनिर्मित संत आवास के लोकार्पण के निमित्त दिगंबर जैन मंदिर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समाज जनों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि टीवी और मोबाइल फिल्म संस्कृति ने पश्चिमी संस्कृति को घर-घर में पहुंचा दिया है इससे घर-घर में फैशन और व्यसन बढ़ रहा है व्यसन के कारण कई परिवारों में बिखराव आ रहा है। परिवार विभाजन और पति-पत्नी के सम्बन्ध विच्छेद की संख्या बढ़ रही है। कई विवाह दंपति के रिश्ते टूटने की कगार की ओर अग्रसर है जो सामाजिक एकता के लिए चिंतन का विषय है। होटल की भोजन संस्कृति से लोग बीमार हो रहे हैं। प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने रासायनिक केमिकल कैंसर का कारण है। इससे बचना चाहिए। तांबे पीतल और स्टील के बर्तन में ही पानी का उपयोग करना चाहिए। हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं अन्यथा हमें बीमारी से बचने में परेशानी आएगी।

30 वर्ष पहले हम चीनी की प्लेट पर पानी पीते थे वह संतुष्टि प्रदान करता था। महानगरों में ध्वनि प्रदूषण से शुगर थायराइड बीपी की बीमारियां बढ़ रही हैं ध्वनि प्रदूषण से भी बचना चाहिए। जहां तक हो सके प्रतिदिन सुबह जल्दी उठकर सुबह 5 से 6बजे के मध्य उद्यान में हरियाली में प्रतिदिन सुबह-सुबह ताजी हवा के लिए भ्रमण करना चाहिए ताकि शरीर 24 घंटे तक स्वस्थ रह सके। क्योंकि सुबह-सुबह पेड़ पौधे ऑक्सीजन छोड़ते हैं जो हमारे लिए शक्तिशाली गुणकारी है। ऑक्सीजन हमें निरोगी रखती है। वर्ग विशेष के युवाओं द्वारा हमारे समाज की यूवतियों मां बहन बेटी के साथ नशीली दवाई मिलाकर बेहोश कर मोबाइल से गलत वीडियो बनाकर जिहाद कर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की जा रही है इससे हमें बचना होगा।

## टैक्स वसूली में नीमच मंडी अव्वल, कर्मचारियों और मंडी सचिव, निरीक्षक का किया सम्मान



**नीमच।** कृषि उपज मंडी नीमच ने वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक मंडी टैक्स वसूली कर मध्य प्रदेश में अव्वल स्थान हासिल किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए मंडी सचिव, निरीक्षकों और समर्पित कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने राजस्व बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त संघर्ष मोर्चा, मंडी बोर्ड भोपाल के मार्गदर्शन में उज्जैन संभाग इकाई द्वारा नीमच मंडी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मंडी टैक्स वसूली में नीमच मंडी ने प्रदेश स्तर पर द्वितीय और संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नीमच मंडी के कर्मचारियों, हम्मालों, तुलावटी, व्यापारियों और किसान प्रतिनिधियों को शील्ड व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। फोटो में अधिकारी ट्रॉफी देते हुए दिख रहे हैं।

इस दौरान संभागीय सलाहकार अतुल पड़ियां ने कहा कि सभी वर्गों के तालमेल से ही यह सफलता मिली है। व्यापारी संघ अध्यक्ष राकेश भारद्वाज और एसडीएम संजीव साहू ने भी बेहतर समन्वय की सराहना की। संयुक्त मोर्चा मंडी कर्मचारी संघ के संभाग अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कर्मचारियों की लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग रखी।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त मंडी सचिव वीरेंद्र आर्य, पी.के. ओझा, जावद मंडी सचिव श्याम माली, मंडी सचिव उमेश बसेड़िया, जिला अध्यक्ष हिलालाल मालवीय, लोकेन्द्र सिंह भाटी सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन सहायक सचिव समीरदास ने किया।

## गांधी सागर-2 योजना की पानी टंकी में लीकेज प्रारंभिक टेस्टिंग अवधि का, कर रहे दुरुस्त

**उपसंग्रामपुर ग्राम की टंकी से वर्तमान में 4 गांवों में की जा रही है जलापूर्ति**



**नीमच। जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी में लीकेज होने संबंधी स्थानीय समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर प्रसारित समाचार के संबंध में म.प्र. जल निगम मर्यादित, परियोजना क्रियान्वयन इकाई नीमच द्वारा स्थिति स्पष्ट की गई है।**

महाप्रबंधक धीरेंद्र कुमार बिजोरिया ने बताया कि गांधीसागर-2 समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत दाता अमरपुरा के उपसंग्रामपुर ग्राम में टंकी का निर्माण कार्य किया गया है। वर्तमान में गांधीसागर-2 समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत टेस्टिंग कार्य प्रगतिरत है।

जानकारी अनुसार उक्त टंकी के वर्टिकल पाईप के जॉइंट में जो लीकेज पाया गया है, वह प्रारंभिक टेस्टिंग अवधि में आता है। टेस्टिंग के दौरान पाई जाने वाली ऐसी मामूली कमियों का सुधार कार्य तुरंत ही किया जाता है। वर्तमान में वर्टिकल पाईप में मामूली लीकेज है जिसका सुधार कार्य प्रगतिरत है।

**जलापूर्ति जारी:** महाप्रबंधक ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में उक्त टंकी से 4 गांव में पानी की सप्लाई सुचारू रूप से की जा रही है। टेस्टिंग पूर्ण होने के उपरांत योजना को अंतिम रूप से संचालित किया जाएगा।

**एक नजर** | **सीईओ ने दिए 18 मई तक सभी कार्य ऑनलाइन पूर्ण करने के निर्देश**

## 7 रोजगार सहायक-सचिव का कटेगा 7 दिन का वेतन

**नीमच। जिला पंचायत नीमच के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमन वैष्णव की अध्यक्षता में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' तहत पंचायतवार संचालित विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, उपयंत्री, सचिव, रोजगार सहायक एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।**



बैठक में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित कार्यों जैसे तालाब गहरीकरण, पुराने जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, जल संरचनाओं की साफ-सफाई, वर्षा जल संचयन, स्टॉप डेम निर्माण, कुओं एवं बावड़ियों के संरक्षण तथा जल संरक्षण हेतु जनजागरूकता गतिविधियों की पंचायतवार समीक्षा की गई।

जिला पंचायत सीईओ श्री वैष्णव ने निर्देश दिए, कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी का अभियान बनाया जाए एवं ग्रामीण स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए। जिन पंचायतों में कार्यों की प्रगति धीमी है, वहां विशेष मॉनिटरिंग कर कार्यों में तेजी लाई जाए। सभी अधिकारी नियमित रूप से फील्ड भ्रमण कर कार्यों का निरीक्षण करें एवं प्रगति प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करें। सभी ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायकों से एक-एक कार्य की समीक्षा की गई। सभी को अभियान के सभी कार्य पूर्ण कर 18 मई तक ऑनलाइन करने के निर्देश दिए गये है।

**अनुशासनात्मक कार्रवाई:** बैठक में अनुपस्थित रहने वाले 7 ग्राम रोजगार सहायकों एवं ग्राम पंचायत उम्मेदपुरा के सचिव का 7 दिवस का वेतन काटने के लिए जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया। साथ ही अमृत सरोवर के कार्यों में एवं माह अप्रैल में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की पूर्णता हेतु निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति नहीं करने वाले 6 उपयंत्रियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वैष्णव ने कहा, कि जल स्त्रोतों का संरक्षण भविष्य की आवश्यकता है। वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक पंचायत में प्रभावी एवं स्थायी कार्य किए जाएं। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया तथा संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से अभियान को सफल बनाकर जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।